Let the mind manage the body
Que l'esprit gère le corps

HINDI
(Subject code No. P150)

Index Number: ....

MAURITIUS EXAMINATIONS SYNDICATE

Primary School Achievement Certificate Assessment

2021-2022

Time: 1 hour 45 minutes | **Total Marks: 100**

INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. Check that this assessment booklet contains **9** questions printed on **16** pages.
2. Write your Index Number on the assessment booklet in the space provided above.
3. You should not use red, green or black ink in answering questions.
4. Write all your answers clearly in the assessment booklet.
5. Attempt **all** questions.

Question	Marking			Revision			Control		
	Marks		Sig	Marks		Sig	Marks		Sig
1A									
1B									
2A									
2B									
3									
4A									
4B									
5A									
5B									
6									
7A									
7B									
8									
9									
Total									
Sig (HoG)									

© Mauritius Examinations Syndicate

Marks

Question 1 A (5 marks)

चित्र को पहचानकर उचित शब्द लिखिए : -

एक उदाहरण दिया गया है।



कार

____



____

____



____



____



____

Please turn over this page

Marks

Question 1 B (5 marks)

चित्र को पहचानकर उचित वाक्य से मिलाइए :-

एक उदाहरण दिया गया है।

अध्यापिका पाठ समझा रही है।

कुशल स्नान कर रहा है।



नेहा मीला को उपहार दे रही है।



बच्चे पतंग उड़ा रहे हैं।



जंगल में एक हाथी है।



मेरा भाई रसोईघर साफ़ कर रहा है।



Marks

Question 2A (10 marks)

सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए :-

१. अगले महीने दीदी की परीक्षा शुरू ____________ ।

क. होगा　　　　ख. होगे

ग. होंगे　　　　घ. होगी

२. मौसी ने पूछा, "चन्दर, ____________ कहाँ जा रहे हो ?"

क. आप　　　　ख. वह

ग. तुम　　　　घ. मैं

३. तालाब ____________ कमल का फूल है ।

क. में　　　　ख. पर

ग. ने　　　　घ. को

४. मैं ने गरम कपड़े पहने ____________ बाहर बहुत ठंड है ।

क. इसीलिए　　　　ख. लेकिन

ग. क्योंकि　　　　घ. परंतु

५. सुधा ने ताली ____________ ।

क. बजाए　　　　ख. बजाईं

ग. बजाई　　　　घ. बजाया

Marks

६. पिछले साल ______________ पैर में चोट लगी थी।

क. मेरी   ख. मेरे

ग. मेरा   घ. मैं

७. मेरी बहन ______________ कक्षा में है ।

क. दूसरी   ख. दूसरा

ग. दो   घ. दूसरे

८. तुम्हारे अध्यापक का जन्मदिन ______________ है ?

क. कौन   ख. किस

ग. क्या   घ. कब

९. माताजी और पिताजी रोज़ प्रार्थना ______________ ।

क. करता हूँ   ख. करती हैं

ग. करते हैं   घ. करती हूँ

१०. ______________ टोकरी में टमाटर है।

क. उसका   ख. उसकी

ग. उसके   घ. उसको

Marks

Question 2 B (5 marks)

सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए : -

१. मेरे पिताजी ____________ में भोजन तैयार करते हैं।

क. स्नानघर ख. दफ़्तर

ग. रसोईघर घ. सोने के कमरे

२. मैं बहुत थक गया हूँ । आज मैं जल्दी ____________ ।

क. तैरूँगा ख. सोऊँगा

ग. देखूँगा घ. दौड़ूँगा

३. कृपया एक ____________ ला दो। मुझे बैठना है।

क. मेज़ ख. कलम

ग. प्लेट घ. कुरसी

४. चाचाजी की गाड़ी पुरानी है। वे एक नयी गाड़ी ____________ ।

क. खरीदेंगे ख. बोलेंगे

ग. बनाएँगे घ. पढ़ेंगे

५. मैं अपनी कापी ____________ में रखता हूँ।

क. पैमाने ख. बस्ते

ग. रूमाल घ. दरवाज़े

Please turn over this page

Marks

Question 3 (10 marks)

पत्र को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए : -

नमस्ते शीला,

तुम कैसी हो ? मैं ठीक हूँ। मैं दुबई में अपनी छुट्टियाँ बीता रही हूँ। आज गुरुवार है और मैं जुमेरा के समुद्र-तट पर बैठी हूँ। मुझे दुबई बहुत पसंद है। यह एक सुंदर शहर है लेकिन यहाँ बहुत गरमी है। मुझे गरमी अच्छी नहीं लगती है। मैं रोज़ तैरने जाती हूँ। मैं ने यहाँ खूब खरीदारी भी की है। मैं ने तुम्हारे लिए एक उपहार खरीदा है - एक सुन्दर झगला। मैं १४ जुलाई को, शाम के सात बजे मॉरिशस लौट रही हूँ।

मैं १६ जुलाई को तुमसे स्कूल में मिलूँगी। मैं अब और इंतजार नहीं कर सकती।

तुम्हारी सहेली,

सोनम।

१. सोनम ने किसे पत्र लिखा ?

.... [1]

२. सोनम क्यों दुबई गई है ?

.... [1]

३. किस दिन को सोनम ने यह पत्र लिखा ?

.... [1]

Marks

४. सोनम को दुबई क्यों पसंद है ?

.... [1]

५. दुबई में मौसम कैसा है ?

.... [1]

६. सोनम ने दुबई में क्या किया ? दो उत्तर दीजिए।

(१) .... [1]

(२) .... [1]

७. सोनम ने कौन सा उपहार खरीदा ?

.... [1]

८. कितने बजे सोनम मॉरिशस पहुँचेगी ?

.... [1]

९. सोनम कब स्कूल जाएगी ?

.... [1]

Marks

Question 4

इस पाठ को ध्यान से पढ़िए :-

तारा और उसका परिवार एक सप्ताह बाद,भारत से घर लौटे।

माँ ने कहा, “तारा ! घर वापस आकर कितना अच्छा लग रहा है न ?”

तारा ने कहा, “हाँ माँ ! अब तो मुझे बहुत भूख लग रही है।”

माँ ने कहा, “फ्रिज में दूध,अंडे, रोटी और सब्ज़ियाँ हैं।”

पिताजी ने कहा, “मैं जल्दी से रात का भोजन तैयार करता हूँ।”

तारा ने कहा, “पापा क्या आप बिरयानी तैयार कर सकते हैं ?”

बातें करते-करते जैसे ही उन्होंने घर के अंदर प्रवेश किया, उन्हें पता चल गया कि कुछ गड़बड़ है।

पूरे घर में दुर्गन्ध * फैल गई थी। उन्होंने सोचा कि यह दुर्गन्ध कहाँ से आ रही है।

माँ ने सोने के कमरे और बगीचे में जाकर देखा। तारा ने स्नानघर में देखा। उसी समय पिताजी ने रसोईघर की फ्रिज की ओर देखते हुए कहा, “दुर्गन्ध यहाँ से आ रही है।”

माँ ने कहा, “फ्रिज खोलकर अंदर देखते हैं।”

माँ ने फ्रिज खोला। सभी ने अपनी नाक बंद कर ली।

माँ ने कहा, “ओह! अंदर तो सब गरम है और बिजली भी नहीं है।”

तारा ने कहा, “क्या हुआ ?”

पिताजी ने समझाया “लगता है कि कुछ दिन पहले, फ्रिज टूट गया इसीलिए अंदर का सामान खराब हो गया है।”

फ्रिज

***दुर्गन्ध** – **bad smell**

माँ ने कहा, “हाँ, दूध को ताज़ा रखने के लिए फ्रिज का ठंडा होना बहुत आवश्यक है।”

तारा ने पूछा, “क्या रोटी भी खराब हो गई ?”

Marks

पिताजी ने कहा, “हाँ, तुमने देखा न कि रोटी का रंग बदल गया है और वह हरा हो गया है। अगर तुम यह रोटी खाओगी तो बीमार पड़ जाओगी।”

“क्या सब्ज़ियाँ भी खराब हो गई हैं ?” उदास होकर तारा ने पूछा।

माँ ने कहा,“हाँ, सब्ज़ियाँ भी खराब हो गई हैं। हम उन्हें नहीं खा सकते।”

तारा ने फ्रिज से एक अंडा निकाला लेकिन वह नीचे गिर गया। अब तो और दुर्गन्ध फैल गई । अंडे भी खराब हो गए हैं। अब तारा समझ गई कि वह कभी अंडे नहीं खा सकेगी।

“छी! छी! छी!” तारा चिल्लाई और वहाँ से भाग गई।

पिताजी ने खराब सामान को कूड़ेदान में फेंका और फ्रिज साफ़ किया।

Question 4 A (5 marks)

सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए :-

१. तारा और उसका परिवार एक ______________ से घर से बाहर थे।

क. दिन   ख. सप्ताह

ग. महीना   घ. साल

२. तारा ______________ खाना चाहती थी।

क. रोटी   ख. सब्ज़ियाँ

ग. अंडे   घ. बिरयानी

Please turn over this page

Marks

३. दुर्गन्ध ______________ से आ रही थी।

क. रसोईघर　　　　ख. स्नानघर

ग. सोने के कमरे　　　　घ. बगीचे

४. जब माँ ने फ्रिज खोला तब ______________ ।

क. अंदर ठंडा था　　　　ख. सभी ने नाक बंद की

ग. भोजन ताज़ा था　　　　घ. दूध अच्छा था

५. अंत में तारा के पिताजी ने खराब सामान ______________ ।

क. फेंका　　　　ख. खाया

ग. पकाया　　　　घ. रखा

Question 4 B (10 marks)

ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१. पूरा परिवार कहाँ घूमने गया था ?

.... [1]

२. कौन रात का भोजन तैयार करने जा रहा था ?

.... [1]

Marks

३. परिवार को कैसे पता चला कि कुछ गड़बड़ है ?

.... [1]

४. भोजन क्यों खराब हो गया ?

.... [1]

५. अगर तारा खराब रोटी खाएगी तो क्या होगा ?

.... [1]

६. क्यों तारा कभी अंडा नहीं खाएगी ?

.... [1]

७. **इन घटनाओं को क्रम में लिखिए।**

तारा भाग जाती है	
पिताजी फ्रिज साफ़ करते हैं	
माँ फ्रिज खोलती है	
सभी घर के अंदर आते हैं	1
तारा एक अंडा गिराती है	

[4]

Please turn over this page

Marks

Question 5 A (4 marks)

शब्दों को उचित क्रम में रखकर वाक्य लिखिए :-

(क) खाया - केला - मैं - पक्का - ने ।

....

....

(ख) उठती - सुबह - है - रमा - प्रतिदिन ।

....

....

Question 5 B (6 marks)

वाक्यों को पूरा कीजिए :-

(क) अतुल ज़ोर से चिल्लाया क्योंकि..

....

....

(ख) चाचाजी दुकान गए लेकिन ....

....

....

(ग) जब मुझे प्यास लगती है तब ....

....

....

Marks

Question 6 (10 marks)

नीचे दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर खाली जगहों में लिखिए :-

देखता	**कहानी**	**डर**	**खुशी - खुशी**	**गाए**
जलाए	**साथ**	**आकाश**	**आराम**	**उस**

एक शाम, रोहन और उसका परिवार बगीचे में बैठकर एक साथ रात का भोजन करने की बात सोचते हैं । रोहन को अँधेरे से ....लगता था । इसीलिए पिताजी ने बाहर कुछ दीये .... । चाँद भी .... में चमक रहा था। घर के अंदर रोहन हमेशा टीवी .... था । अब वह बगीचे में .... खेलने लगा। उसके माता पिता जो दिन भर काम करते-करते थक गए थे अब ....कर रहे थे। कुछ समय के बाद, पिताजी ने सभी को राजा और रानी की एक सुन्दर .... सुनाई । पूरे परिवार ने सुन्दर गीत .... और अच्छा समय बिताया। उन्होंने एक ....रात के भोजन का आनंद लिया। .... रात को उन्होंने खूब खुशी मनाई। वे बहुत देर से सोने गए।

Marks

Question 7A (5 marks)

रेखांकित शब्दों के शुद्ध रूप को खाली जगहों में लिखिए :-

(क) पिछले रविवार को हम घूमने जाएँगे (.......................................)।

(ख) सोहम की दो बेटी (.......................................) हैं।

(ग) राज मेज़ में (.......................................) अपनी पुस्तक रखता है।

(घ) मेरे भाई का घर बरा (.......................................) है ।

(ङ) चिड़िया ने घोंसला बनाई (.......................................)।

Question 7 B (5 marks)

कोष्ठक में दिए गए शब्दों के सही रूप लिखिए :-

(क) राजन .... से अपना काम पूरा करता है । (आसान)

(ख) हमें .... से बचना चाहिए। (बुरा)

(ग) दीपा एक .... लड़की है । (परिश्रम)

(घ) कमरे की .... देखकर माँ खुश हुई। (सजाना)

(ङ) पुस्तकालय में .... पत्रिकाएँ भी मिलती हैं। (मास)

Marks

Question 8 (10 marks)

कहानी को पूरा करने के लिए हर चित्र के लिए दिए गए शब्दों से एक वाक्य बनाइए :-

एक दिन – रोपना

……………………………………………………………..........

……………………………………………………………..........



प्रतिदिन – सींचना

……………………………………………………………..........

……………………………………………………………..........



कुछ साल बाद – फल

……………………………………………………………..........

……………………………………………………………..........

कभी- कभी – चढ़ना

……………………………………………………………..........

……………………………………………………………..........

गरमी – पेड़

……………………………………………………………..........

……………………………………………………………..........

Please turn over this page

Marks

Question 9 (10 marks)

निम्नलिखित वाक्यांशों के आधार पर लगभग 100 शब्दों का एक निबंध लिखिए :-

- चोर कक्षा में घुसना
- चोरी करना
- आप और आपके दोस्त चोर को देखते हैं।
- आप और आपके दोस्त क्या करते हैं ?
- अंत में क्या होता है ?

यहाँ लिखिए :-

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

Marks